# Problems based on Age

## आयु संबंधित प्रश्न

## Class 01

राम और श्याम के वर्तमान उम्र का  अनुपात 6 : 5 है और उनके उम्र का योग 88 वर्ष है तो राम का वर्तमान उम्र क्या है ?

वर्तमान में राम, श्याम से 25 वर्ष बड़ा है। यदि वर्तमान में राम और श्याम के वर्तमान उम्र का अनुपात 8 : 3 है तो राम का उम्र क्या है?

राम ,श्याम और मोहन के वर्तमान उम्र का अनुपात 5 : 4 : 3 है। यदि तीनों के उम्र का योग 108 वर्ष है तो श्याम  का उम्र क्या है?

एक पिता और पुत्र के उम्र का अनुपात 5 : 2 है और दोनों की उम्र का गुणनफल 640 वर्ष है तो पिता का वर्तमान उम्र क्या है ?

एक पिता ने अपने पुत्र से कहा आज जो तुम्हारी उम्र है तुम्हारे जन्म के समय मेरी उम्र थी। यदि दोनों के वर्तमान उम्र का योग 84 वर्ष है तो पिता की वर्तमान उम्र क्या है और दोनों की उम्र का अंतर क्या है ?

सचिन राहुल से 7 वर्ष छोटा है। यदि दोनों के उम्र का अनुपात 7 : 9 है तो सचिन का उम्र क्या है ?

वर्तमान में अरुण और दीपक के उम्र का अनुपात 4 : 3 है। यदि 6 वर्ष बाद अरुण का उम्र 26 वर्ष है तो दीपक का वर्तमान उम्र क्या है ?

यदि वर्तमान में A, B और C के उम्र का अनुपात 3 : 2 :5 है। यदि 4 वर्ष बाद उनकी उम्र का योग 72 वर्ष है तो A का वर्तमान उम्र क्या है ?

5 वर्ष पहले राम और श्याम के उम्र का अनुपात 7 : 5 था। यदि वर्तमान में उनके उम्र का योग 46 वर्ष है तो राम का वर्तमान उम्र क्या है

अमित , रोहन से जितना छोटा है उतना ही मोहन से बड़ा है। यदि रोहन और मोहन का उम्र का योग 56 वर्ष हो तो अमित का उम्र क्या है ?

मोहन , सोहन से जितना बड़ा है उतना ही राकेश से छोटा है। यदि तीनों के वर्तमान उम्र का औसत 27 वर्ष है तो मोहन का उम्र 5 वर्ष बाद क्या होगा ?

राम और श्याम का वर्तमान उम्र का योग 44 वर्ष है एवं राम, श्याम से 4 वर्ष बड़ा है तो श्याम का उम्र क्या है ?